तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

10 फणीकेश्वरनाथ कॉलेज के रासेयो छात्रों ने बच्चों को पिलाई पोलियों...


12 कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शंखनाद...







## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण का कल क्षेत्र दौरा

**छुईहा बेलर।** जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू 22 दिसंबर को क्षेत्र के दौरे पर रहेगें। शेखर साहू, अरूण साहू ने कहा कि जिला साहू अध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू सोमवार को ग्राम छुईहा में आयोजित कबड्डी कार्यक्रम का समापन पुरूस्कार वितरण समारोह एंव क्रिकेट टुर्नामेंट परसदकला के शुभारंभ का मुख्यातिथि होगें।



### पाटसिवनी में मड़ई मेला महोत्सव आज

**पाटसिवनी(पिपरहट्ठा)।** पाटसिवनी में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन 22 दिसंबर को होगा। दोपहर 12 बजे गलि भ्रमण किया जायेगा। 2 बजे पंथी नृत्य मालीडीह तमोरा महासमुन्द का कार्यक्रम रखा गया है तथा रात्रि कार्यक्रम मया के सुरता लोक कला मंच छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी खुड़मुड़ी महासमुंद का कार्यक्रम होगा।

### निषाद समाज की बैठक आज

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज जिला गरियाबंद की एक महत्वपूर्ण और आवश्यक बैठक कल, 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे स्थान श्रीराम जानकी मंदिर राजिम में रखा गया है।। इस बैठक में जिले भर के सामाजिक पदाधिकारी जुटेंगे और समाज के भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करेंगे।

### मेहर समाज का प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन 28 को

**नवापारा-राजिम।** 28 दिसंबर को मेहर समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन भाटापारा में होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हितेश मंडाई ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव होंगे। अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज वाकरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू मौजूद रहेंगे। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब होंगे। अध्यक्षता हेमराज वाकरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री राजेश अग्रवाल,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,सनम जांगड़े मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अलावा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाज के वरिष्ठजनो का सम्मान किया जाएगा। बताया कि यह सम्मेलन ▶▶| शेष पेज 10 पर

**धान खरीदी :** धान उपार्जन में 211 बारदाना व 84.40 क्विंटल धान की कमी पाई गई

# गौरघाट खरीदी केंद्र में धान के सर्टेज पर कलेक्टर ने अधिकारियों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कलेक्टर बीएस उइके ने मैनपुर विकासखंड अंतर्गत गौरघाट धान खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन करते हुए धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में की जा रही धान तौल, गुणवत्ता परीक्षण, भंडारण, परिवहन एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए। कलेक्टर श्री उइके ने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर धान विक्रय के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि तौल एवं पंजीयन की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीदी केंद्र में अनुशासन एवं व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया को भी समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र, बारदाना की उपलब्धता, स्टॉक पंजी, सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित एवं समय पर मूल्य प्रदान करना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री उइके ने धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था एवं प्राथमिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### धान खरीदी कार्य को भरोसेमंद बनाएं

साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में धान खरीदी कार्य को पूरी तरह किसान-हितैषी, पारदर्शी एवं भरोसेमंद बनाया जाए। भौतिक सत्यापन के दौरान कलेक्टर ने पाया कि धान खरीदी केंद्र में कुल 09 स्टेक में उपार्जित धान बारदाना रखा हुआ है। जिसमें बारदाना संख्या 26 हजार 410, धान की मात्र 10 हजार 564.00 क्विंटल पाया गया, जबकि वास्तविक खरीदी सत्यापन के दौरान 26 हजार 121 बारदाना, कुल धान की मात्र 10 हजार 648.40 क्विंटल ऑनलाईन पोर्टल में दिख रहा है। इस प्रकार भौतिक सत्यापन में 211 बारदाना कुल मात्र 84.40 क्विंटल उपार्जित धान की मात्र में कमी पाई गयी। इस निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि श्री चंदन कुमार रॉय, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डडईपानी की पहाड़ियों से भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। थाना मैनपुर अंतर्गत ग्राम डडईपानी के पहाड़ी क्षेत्र से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक और हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। यह क्षेत्र जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित है। 19 से 20 दिसंबर 2025 तक गरियाबंद जिले की ई-30 टीम, एसटीएफ 207 कोबरा, 16वीं बटालियन सीएएफ एवं 65वीं बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा ओडिशा सीमा से लगे मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में विशेष नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विश्वसनीय सूचना मिली कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन डीवीजन के नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईडी और मोटर बम छिपाकर रखे गए हैं। सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाते हुए पहाड़ी क्षेत्र में चट्टानों के बीच प्लास्टिक ड्रम और स्टील के डिब्बों में छिपाकर रखी सामग्री बरामद की। बरामद सामान



में एक नग भरमार बंदूक, एक नग कंपनी निर्मित मोटर, 22 नग मोटर सेल, 150 नग डेटोनेटर, 18 नग टिफिन बम तथा अन्य विस्फोटक सामग्री शामिल है। सुरक्षा बलों ने सभी विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित रूप से जब्त कर लिया है। अभियान के चलते नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिली है।

### बिजली में मानस यज्ञ 16 जनवरी से



**छुईहा बेलर।** ग्राम बिजली में 16 जनवरी से रामचरितमानस यज्ञ शुरू हो रहे हैं। जिसमें शामिल होने निमंत्रण देने राजिम विधायक रोहित साहू को जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद, शत्रुहन साहू, पीतांबर साहू, उदय यादव, चुन्नू निषाद, खेलावन निषाद, लीला पटेल, गिरधर साहू उपस्थित थे।

## मैनपुर-कुल्हाड़ीघाट मार्ग का मरम्मत कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से कुल्हाडीघाट मुख्य मार्ग में लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ वर्ष पहले करोड़ों रुपए खर्च कर सड़क निर्माण किया गया था, लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के चलते मैनपुर नगर मुड़ापारा पुल तक पुरा सड़क जगह-जगह से उखडकर जर्जर हो गया और सड़क पर बडे-बडे गढ्ढे हो गए हैं। इस मार्ग में प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण आना-जाना करते हैं, सड़क में गढ्ढों के कारण आए दिनों दुर्घटना आम बात है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित कर शासन- प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया था जिसके चलते सड़क मरम्मत के लिए लाखों रूपये की राशि स्वीकृत की गई और आज लोक निर्माण विभाग द्वारा सडक का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह सड़क मरम्मत हो जाने से इस मार्ग में आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं सहित हजारों लोगों को आवगमन में सुविधाए होगी।



### बकली में रक्तदान शिविर

**राजिम।** ग्राम बकली में बाबा गुरु घासीदास जयंती के पावन अवसर पर पूर्व सरपंच मुन्ना कुर्रे के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में मानवता, सेवा और भाईचारे की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान शिविर का आयोजन सृष्टि ब्लड एंड कॉम्पोनेंट सेंटर, रायपुर के सहयोग से किया गया। इस दौरान ब्लड सेंटर के संचालक अनमोल तिवारी एवं मोनिश वर्गीश अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित ▶▶| शेष पेज 10 पर

100 एकड़ का आधुनिक फार्म और राइस मिल का किया शैक्षणिक भ्रमण

# कृषि छात्रों ने सीखीं उद्यमिता की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर एवं अनुसंधान केंद्र के विद्यार्थियों ने नवाचारी खेती और कृषि आधारित उद्योगों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में रावे कार्यक्रम और उद्यमिता विकास पाठ्यक्रम के तहत छात्रों ने कुरूद स्थित 'हर्ष चंद्राकर कृषि फार्म' और 'भंसाली एग्रो इंडस्ट्रीज' का दौरा किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने पूर्व कृषि छात्र हर्ष चंद्राकर के फार्म हाउस का अवलोकन किया। हर्ष ने मात्र 4 एकड़ से शुरुआत कर आज 100 एकड़ में आधुनिक खेती का साम्राज्य खड़ा किया है, जिससे 170 परिवारों को रोजगार मिल रहा है। यहाँ छात्रों ने सीखा कि नेटाफिम कंपनी की ऑटोमेटेड सिंचाई और फर्टिगेशन तकनीक से खाद व पानी का सटीक प्रबंधन कैसे होता है। जंगली बैंगन पर 'परी' किस्म के टमाटर की ग्राफ्टिंग कर उसे **उकठा (विल्ट) रोग** से सुरक्षित बनाने की विधि। पालीहाउस में गुलाब की खेती, सॉर्टिंग, ग्रेडिंग और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित पैकिंग प्रक्रिया। भ्रमण के दौरान छात्र आकाश वर्मा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान से कहीं अधिक प्रभावी फील्ड का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि यहाँ आकर समझ आया कि नौकरी पाने से बेहतर है ऐसा स्वरोजगार खड़ा करना जिससे दूसरों को काम मिल सके। छात्रों ने वर्मी कंपोस्ट इकाई और आधुनिक कृषि यंत्रों की कार्यप्रणाली को भी करीब से देखा। भ्रमण के दूसरे चरण में विद्यार्थी भंसाली एग्रो इंडस्ट्रीज पहुंचे। यहां उन्होंने ▶▶| शेष पेज 10 पर



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता- गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड , **भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

**खबर संक्षेप**

## राजिम में विधायक देवेंद्र का स्वागत



**राजिम।** राजिम पहुंचने पर विधायक देवेंद्र यादव का राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक में स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में जनपद के पूर्व अध्यक्ष पुष्पा साहू,डॉ रमेश साहू, बेदराम साहू, विक्रम साहू , दामिनी साहू, चेतन सिन्हा, अलंकार सिन्हा, लक्की मराठा, मिथलेश पटेल, आरोही शर्मा, माखन वर्मा, वाशु साहू, वाशिम खान ,नीरज वर्मा, धनंजय ध्रुव शामिल थे। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि विधायक श्री यादव यहां भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना किया।

## शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो की खुराक

**नर्रा।** पूरे भारत वर्ष में 21 दिसंबर को पोलियो दिवस के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, खंड कार्यक्रम प्रबंधकक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा में भी पल्स पोलियो दिवस मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के प्रभारी डिगेंद्र परमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 21, 22, 23 तीन दिनों तक चलाई जाएगी। प्रथम दिवस 21 दिसंबर को बूथ स्तर पर बच्चों को दवाई पिलाई गई है। 22 व 23 दिसंबर द्वितीय एवं तृतीय दिवस छूटे हुए बच्चों को दल कर्मी द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि एक भी बच्चा पोलियो की दवा से वंछित ना रह जाए।

# 63 बूथों पर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रसेला सहित बूथ लेवल पर पोलियो ड्रॉप अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसमें रसेला स्वास्थ्य केन्द्र के अतर्गत 63 पोलियो बूथ में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत रसेला के सरपंच रूपादेवी ठाकुर द्वारा बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य अमले एवं ग्रामवासियों ने एक स्वर में कहा की “दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार।” कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि भारत ने पोलियो जैसी गंभीर बीमारी पर ऐतिहासिक जीत हासिल की है, लेकिन यह जीत तभी स्थायी रहेगी जब प्रत्येक अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को हर बार पोलियो की खुराक अवश्य दिलाए।

उन्होंने कहा कि पोलियो को दोबारा लौटने से रोकने के लिए सामूहिक जागरूकता और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो एक लाइलाज बीमारी है, जिससे बचाव केवल समय पर टीकाकरण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत रसेला में कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे, इसके लिए पंचायत, स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान गांव के सभी वार्डों, टोला-मोहल्लों में पोलियो



बूथ लगाए गए हैं तथा घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है। इसके साथ ही बस स्टैंड, हाट-बाजार एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष टीमों की तैनाती की गई है, ताकि कोई भी पात्र बच्चा छूट न जाए। कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि “पोलियो को लौटने का मौका न दें, अपने 0 से 5 साल के बच्चे को पोलियो की खुराक जरूर दिलाएं, ताकि उसे मिले पोलियो से पक्की सुरक्षा। मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर घर जाकर छूटे हुए बच्चो को पोलियो पिलाया गया एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को पोलियो के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि नियमित टीकाकरण से ही बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## फणीकेश्वरनाथ कॉलेज के रासेयो छात्रों ने बच्चों को पिलाई पोलियों की दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



पोलियो का अंत करें हर बच्चा, हर टीका, हर जगह'' थीम पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना, इंडियन यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ, रेड रिबन क्लब, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय-फिंगेश्वर तथा स्वास्थ्य विभाग, जिला गरियाबंद के सयुंक्त तत्वाधान एवं बैनर तले स्वयं सेवकों के सहयोग से हर बच्चे तक टीका पहुंचाने और वैश्विक उन्मूलन के लिए एकजुट होकर प्रयास किया जा रहा है।

इसके साथ ही अभियान के तहत हर बूंद मायने रखती है, हर बच्चा मायने रखता है। जैसे दीवाल लेखन एवं नारे का भी उपयोग किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी बच्चा छूटे नहीं और भारत पोलियो मुक्त रहे। स्वयंसेवकों द्वारा अपने गृह ग्राम तथा आश्रित ग्राम में घ-घर जाकर 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने प्रेरित कर रहे है तथा भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में विशेष पहल कर रहे है।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने इस संबंध बताया कि पल्स पोलियो कार्यक्रम 2025 भारत में 0–5 साल के बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलाने का एक राष्ट्रीय अभियान है,जो मुख्य रूप से 21दिसंबर 2025 से शुरू हुआ है,जिसके बाद छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस के रूप में 22–23 दिसंबर घर–घर जाकर टीकाकरण किया गया जायेगा,जिसका उद्देश्य देश को पोलियो-मुक्त रखना और यह सुनिश्चित करना है कि कोई बच्चा छूटे नहीं। इस अभियान से जुड़े पंजीकृत सभी स्वयंसेवक पोलियो मुक्त भारत के लिए विशेष पहल कर रहे है।

## जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटेंगे

**छुईहा-बेलर।** जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सचिव संघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण साहू अपना जन्मदिन (22 दिसंबर) पूर्णतः सेवा भाव और सादगी के साथ मनाएंगे। दिखावे और शोर-शराबे से दूर, उन्होंने अपने इस विशेष दिन को समाज सेवा और परोपकार के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सोमवार सुबह प्रवीण साहू मंदिर में पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना करेंगे। इसके पश्चात, वे स्थानीय अस्पताल पहुंचेंगे, जहां भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम जानकर उन्हें फल वितरित करेंगे। जन्मदिन की खुशियां बच्चों के साथ बांटने के उद्देश्य से उन्होंने स्कूल में 'न्योता भोज' का कार्यक्रम रखा है। इस दौरान वे स्कूली बच्चों के साथ समय बिताएंगे और उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराएंगे। प्रवीण साहू की इस पहल को क्षेत्र में काफी सराहा जा रहा है। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रवीण साहू का यह कदम आध्यात्मिकता और सेवाभाव का सुंदर संगम पेश करता है। उनके समर्थकों और शुभचिंतकों का कहना है कि जन्मदिन पर जरूरतमंदों की सेवा करना न केवल मानवीय धर्म है।

# कलेक्टर और जिपं सीईओ पहुंचे जिड़ार पीएम आवास की प्रगति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने विकासखण्ड मैनपुर के वनांचल ग्राम जिड़ार में शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के वर्ष 2025–26 में स्वीकृत आवासों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासों के प्रगतिरत निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही उन्हें समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री उइके ने अप्रारंभ कायोंर् को जल्द से जल्द प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण कराने मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास योजना के हितग्राही श्री लोकेश्वर जगत, रायसिंह



कपिल एवं नारायण सिंह जगत से भी आवश्यक चर्चा की। कलेक्टर श्री उइके एवं सीईओ चंद्राकर ने जिड़ार में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जमीनी हकीकत का जानकारी लेते हुए पीएम आवस के लाभार्थियों से छत्तीसगढ़ी में चर्चा करते हुए निर्माण कायोंर् में शीघ्रता लाने कहा। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों से पीएम आवास के कायोंर् की विस्तृत जानकारी ली और सभी कायोंर् पर गहन निगरानी रखकर तेजी से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आगामी सीजन को देखते हुए सभी कार्य तय समय पर पूर्ण करे। इस दौरान ग्राम सरपंच श्री मुकेश कपिल ने बताया कि जिड़ार में 2025–26 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के लिए 160 आवास स्वीकृत है। जिसमें से 40-50 मकानों का कार्य प्रगतिरत है। इस दौरान एसडीएम मैनपुर श्री तुलसी राम मरकाम, अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र मौजूद रहे।

**पेज 9 के शेष...**

### मेहर समाज का प्रदेश...

समाज के युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करते हुए आपसी परिचय,सामाजिक समरसता, संस्कार एवं संगठनात्मक मजबूती को नई दिशा देगा इस महत्वपूर्ण आयोजन की रूपरेखा,तैयारी एवं सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से रविवार को राजिम के रविदास मंदिर परिसर में एक गरिमामय बैठक आयोजित कर सम्मेलन को सफल बनाने अनुरोध किया गया।

### बकली में रक्तदान...

रहे। अनुभवी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जाँच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। रक्त दान करने वालों में मुन्ना कुर्रे, देवकरण सोनवानी, निगम साहू, भूपेंद्र हिरवानी, रामजी साहू, रणधीर मिरि,दिनेश पूरेना, डोमेश, मिरि, धर्मेंद्र यादव, नेहरू पूरेना, असमन टंडन, कुंजे मिरि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी समाज को सेवा, समानता और भाईचारे की प्रेरणा देता है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। शिविर के समापन अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हेलमेट भी वितरित किए गए। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही।

### कृषि छात्रों ने...

यंत्रीकृत चावल मिल में स्वचालित सॉर्टिंग और ग्रेडिंग मशीनों द्वारा धान की सफाई और प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीकों को समझा। इस सफल शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन कार्यक्रम समन्वयक लेखराम वर्मा, सह-समन्वयक डॉ. अविनाश कुमार गौतम और डॉ. योगेश्वरी साहू (अतिथि शिक्षिका) द्वारा किया गया। भ्रमण के बाद छात्रों ने अधिष्ठाता से भेंट कर अपने अनुभव साझा किए और इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के लिए आभार जताया।







संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068

शिखा सिन्हा

# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शंखनाद, पीले परिधान में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन होने जा रहा है। इसके पहले रविवार को कलश शोभायात्रा निकली जिसमें कई हजारों की संख्या में पीले परिधान में महिलाएं एवं युवतियां शामिल थी। यह शोभायात्रा श्री राधाकृष्ण मंदिर से गंज मार्ग, पंजवानी चौक, सोमवारी बाजार तिराहा, कृषि ऊपज मंडी, नगर पालिका चौक, मां काली मंदिर, सुभाष चौक, कुम्हार हटरी, सदर बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं और युवतियों की भारी संख्या देखकर शहर के लोग आश्चर्यचकित रह गए। इस शोभायात्रा में भोलेनाथ शंकर-मां पार्वती, हनुमान जी महाराज, काली माता, शिव दरबार, राम दरबार एवं खाटु श्याम की झांकी थी। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल के सामने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। विभिन्न समाज के लोग चौक-चौराहों में मौजूद रहकर झांकी एवं कलश यात्रा का स्वागत किया। रथ पर अयोध्या से पधारे पूज्य प्रशांत जी महाराज सवार थे। ये कलश जलयात्रा हर किसी को उत्सुकता के साथ सुकुन प्रदान कर रही थी। शहर के दोनों तरफ खड़े लोग जगह-जगह स्वागत कर रहे थे। मालूम हो कि श्रीराम कथा का आयोजन 30 दिसंबर तक होगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से रखा गया है। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को नगर के श्री सालासर सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। शोभायात्रा में श्रीराधाकृष्ण मंदिर के ट्रस्टी गिरधारी अग्रवाल, श्री सालासर समिति के संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, रूपेद्र चन्द्राकर, हनुमान चालीसा समिति की अध्यक्ष तारणी शर्मा ,आरती काबरा सहित समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थे।

**चौक-चौराहों में झांकी एवं कलश यात्रा का हुआ स्वागत**





## खबर संक्षेप



### बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम पंचायत मुड़ागांव में रविवार, 21 दिसंबर को राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो वायरस से सुरक्षित करना और समाज से इस बीमारी का पूर्ण उन्मूलन करना है। पोलियो (पोलियोमाइलाइटिस) एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है जो सीधे तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है। इससे मांसपेशियों में कमजोरी और स्थाई लकवा होने का खतरा रहता है, और गंभीर स्थिति में यह जानलेवा भी हो सकता है। यह वायरस मुख्य रूप से दूषित भोजन और पानी के माध्यम से फैलता है, जिसके बचाव के लिए 'दो बूंद जिंदगी की' का सुरक्षा चक्र अनिवार्य है। अभियान के तहत गांव के निर्धारित बूथों पर शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पालकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी. हलधर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंगाबाई, शीतल ध्रुव, मितानिन अहिल्याबाईं, दुलारीबाई, मोतीमबाई, गुलापा बाई यादव, तोमनसिंह ध्रुव, उमेश और सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

### कोपरा में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई



**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई। रविवार को नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बनाए गए पोलियो बूथों पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे, इसके लिए मॉप-अप अभियान के दौरान घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी।

### तुमगांव में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड क्रमांक 4 में 22 दिसंबर से शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक कमलेश प्रसाद दुबे कांपा होंगे। कथा प्रसंग 22 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव महात्मा, 23 को शिवलिंग उत्तपत्ति एवम सृष्टि निमार्ण, त्रिवेदी वर्णन कथा, 24 को सती चरित्र, सती देहत्याग, शिव पार्वती कथा, 25 को शिव पार्वती विवाह, गणेश कार्तिकेय तथा गृहस्थ धर्म कथा, 26 को गुननिधि कथा, त्रिपुर सुंदर वर्णन, 27 को गजासुर, भस्मासुर वध की कथा, 28 नंदी अवतार, हनुमान जन्म, चढ़ौत्री एवम शोभायात्रा, 29 को रुद्राभिषेक, हवन पूर्णाहुति एवम महाप्रसादी वितरण होगा।

## अभियान : पल्स पोलियो का सफल आयोजन, छूटे बच्चों को घर-घर जाकर पिलाई जाएगी पोलियो

# जिले के बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पल्स पोलियो कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पोलियो बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के हजारों बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान जो बच्चे किसी कारणवश पोलियो ड्रॉप से वंचित रह गए हैं, उन्हें 22 और 23 दिसंबर को मॉप-अप अभियान के तहत घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। इसके लिए विशेष टीमों का गठन कर क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 830 पोलियो बूथ बनाए गए थे, जिनके माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के 91 हजार 115 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए 1 हजार 835 टीम सदस्यों की तैनाती की गई थी। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों को उनके निकटतम निर्धारित पोलियो बूथ पर दवा पिलाई गई। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायत लिटिपारा और पीपरछेड़ी सहित अन्य गांवों में भी शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिन बच्चों को अब तक पोलियो ड्रॉप नहीं पिल पाई है, वे मॉप-अप अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें, ताकि गरियाबंद जिला पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाया जा सके।



## बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दो बूंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पुरे विकासखण्ड क्षेत्र में रविवार को राष्ट्रीय संघन पोलियो अभियान के तहत हजारों बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई गई। मैनपुर बीएमओं डॉ. गजेन्द्र नेगी ने बताया कि इस अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं विभिन्न जगत बुथ बनाकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की खुराक दी गई।



## बच्चों को नपा अध्यक्ष ने पिलाई पोलियो की खुराक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया। बता दें कि नवजात शिशुओं को 2 बूंद पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य कई स्थानों में शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. तेजेंद्र साहू व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी, एएनएम मौजूद थे। शिविर में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त है। लेकिन पोलियो कई देशों में अभी भी है। जो कभी भी लौट सकता है। इसलिए पालको से अनुरोध है कि प्रत्येक पल्स पोलियो कार्यक्रम में अपने बच्चों को पोलियो का ड्रॉप अवश्य पिलाकर पोलियो पर भारत की जीत सुनिश्चित करें। अब विश्व को पोलियो मुक्त बनाने में भारत की विशेष मुहिम चल रही है।

# योगाचार्य सिन्हा ने सिखाए ध्यान के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गायत्री मंदिर प्रांगण में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं साधकों को ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सरल विधि से ध्यान कराते हुए उपस्थित लोगों को श्वास-प्रश्वास, एकाग्रता और आत्मबोध का अनुभव कराया। ध्यान मन को शांत करने, एकाग्रता बढ़ाने और स्वयं को वर्तमान क्षण में लाने की एक प्रक्रिया है। इसके मुख्य



लाभ योगाचार्य ने बताया कि 1. मानसिक शांति और तनाव में कमीः

ध्यान करने से तनाव पैदा करने वाले हार्मोन 'कोर्टिसोल' का स्तर कम होता है। यह एंग्जायटी (चिंता) को नियंत्रित करने और मन को गहरी शांति पहुँचाने में मदद करता है। 2. एकाग्रता और फोकस में सुधारः

नियमित ध्यान से मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है। यह आपकी याददाश्त को तेज करता है और किसी भी कार्य पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की शक्ति देता है। 3. भावनात्मक संतुलनःध्यान से व्यक्ति को अपनी भावनाओं को समझने और उन्हें नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इससे क्रोध कम होता है और स्वभाव में धैर्य व सकारात्मकता आती है। 4. शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार यह रक्तचाप को नियंत्रित करने, नींद की गुणवत्ता में सुधार करने और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। कार्यक्रम में नगर सेठ शंकर सचदेव,कृष्णा यादव, चंद्रकांत यादव, रुक्मणि यादव, भुनेश्वर पटेल, दुष्यंत सिन्हा, सोनू ध्रुव, एवं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, योग साधक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शांत वातावरण में ध्यान कर सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति का अनुभव किया।

# इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल तुमगांव में लगा आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल तुमगांव छुरा एक ऐसा स्कूल हैं जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नए-नए कार्यक्रम आयोजित करके सभी विद्यार्थियों को तमाम वो अवसर प्रदान करता है जिससे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ सभी गतिविधि से जुड़े रहें, उसी कड़ी में 20 दिसंबर को इंडियन पब्लिक स्कूल मे आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ शाला विकास समिति के सदस्यों और पालकों द्वारा किया गया जिसमें गरियाबंद जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा, डिगेश साहू, छन्नूलाल साहू, हेमंत चंद्राकार, तुमेश्वरी लहरे, भेषिका सिन्हा, आरती चंद्राकार, टिकेश्वरी साहू, संदीप चंद्राकर, पुनितराम ठाकुर, सुरेन्द्र कुमार सिन्हा सम्मलित रहे जिन्होंने अपनी गरिमामय उपस्थित से आनन्द मेला का शोभा बढ़ाया। और साथ में ये भी बताया कि जीवन में आंनद का कितना महत्व है। आनन्द मेला में बच्चों के साथ- साथ पालकों ने उत्साहपूर्ण हिस्सा लिया। वार्षिक खेल उत्सव के बाद बच्चों के लिए आज का ये कार्यक्रम न केवल आनंदमय रहा बल्कि खेल की सारी थकान मिटा देने वाला भी रहा। बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजनों का स्टॉल लगा रखा था जो आनन्द मेला को और आकर्षक बना रहा था स्टॉल में पानी- पुरी, भेल, पुरी-छोले, चना-चटपटी, इडली, एप्पे, गाजर का हलवा, ऐरसा, फ्रूट-चाट, सूप, चाय-कॉफी, केक, समोसा, डोकला, ग्लास गेम, रिंग गेम, बॉल गेम प्रमुख रखे। इस तरह का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी होता है और यही सोच हमेशा से इंडियन पब्लिक स्कूल की रही है कि बच्चों को हर क्षेत्र मे समान अवसर प्रदान किया जाए, ताकि वो शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में निपर्ण हो सकें। आनन्द मेला के इस आयोजन से सभी विद्यार्थियों की खुशी उनके चहरे से साफ़ झलक रही थी। इस कार्यक्रम में प्रीतम साहू संस्था प्रमुख, रेवेंद्र दीक्षित एचओडी, शशि तिवारी प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला देवी राजपूत, यमुना नेताम, एकता वर्मा, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, मुस्कान चंद्राकार, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, मोनिका यादव, प्रीति सेन, नाहिद खान, गुंजिता साहू, चित्ररेखा यदु, प्रियंका चंद्राकर, अंजुरानी द्विवेदी, सिमरन बानो, सुनीता निषाद, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र कुमार ध्रुव, डिगेश बघेल एवं समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।



## 1100 कलशों के साथ निकलेगी विशाल कलश यात्रा

# कोपरा में गायत्री महायज्ञ की तैयारियां हुई पूर्ण, 23 से होगा भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नगर पंचायत कोपरा में 23 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट संस्कार महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। नगर सहित आसपास के गांवों में धार्मिक वातावरण बन गया है और आयोजन को लेकर उत्साह चरम पर है। रविवार को जेंजरा, धूमा लफेंदी एवं कोपरा की महिलाओं द्वारा नगर के मुख्य मार्गों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। आयोजन को सफल बनाने में गायत्री महायज्ञ कोपरा से जुड़े टीकम राम साहू (जिला समन्वयक), रोमन चंद्राकर, महेंद्र साहू, संतोष साहू, राजा ध्रुव, संतराम ध्रुव, टीकमचंद सेन सहित अनेक गायत्री परिजन सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

**तैयारियां पूरी, धार्मिक आकर्षण भी होंगे विशेष**

गायत्री परिजनों द्वारा 51 यज्ञ कुंडों का निर्माण, रंगाई-पुताई एवं साज-सज्जा पूर्ण कर ली गई है। यज्ञशाला का निर्माण भी पूरा हो चुका है। आयोजन स्थल पर देवात्मा हिमालय की झलक-झांकी प्रदर्शित की जाएगी। परम पूज्य गुरुदेव, वंदनीय माताजी, मां गायत्री एवं सप्त ऋषियों की मूर्तियां नगर में पहुंच चुकी हैं, जिन्हें आकर्षक ढंग से यज्ञशाला में स्थापित किया जाएगा। जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने बताया कि यह आयोजन अपने आप में अद्वितीय होगा, जिसके माध्यम से वेद मूर्ति तपोनिष्ठ युग दृष्टा परम पूज्य गुरुदेव के विचारों की क्रांति को जन-जन तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।



कलश यात्रा को लेकर नगर की माताओं को कलशों का वितरण किया जा चुका है। 1100 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा नगर में भ्रमण करेगी। भानुप्रिया साहू, योगेश्वरी साहू (पूर्व सरपंच), यामिनी यादव, सीमा साहू, अर्चना ठाकुर सहित अन्य धर्मप्रेमी महिलाएं बीते एक सप्ताह से धर्म जागरण कार्यक्रम के तहत घर-घर प्रचार-प्रसार कर रही हैं।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर को दोपहर 1 बजे नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के पश्चात शीतला मंदिर स्थित शीतला तालाब से जल लेकर यात्रा यज्ञशाला पहुंचेगी। रात्रिकालीन संगीत एवं प्रवचन शांतिकुंज से आए प्रतिनिधियों द्वारा होगा। 24 दिसंबर को प्रातः 9 बजे देव आह्वान व देव पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। दोपहर 3:30 बजे संगीतमय प्रवचन आयोजित किया जाएगा। 25 दिसंबर को प्रातः यज्ञ पुनः प्रारंभ होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा। दोपहर 1 बजे ही 500 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार संपन्न होगा। दोपहर 3 बजे से प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रमुख ओपी राठौर द्वारा युवा शक्तियों को आह्वान के लिए विशेष उद्बोधन दिया जाएगा। शाम 4 बजे शांतिकुंज प्रतिनिधि का प्रवचन होगा तथा रात्रि 7 बजे 2400 वेदियों का दीप महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। 26 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से यज्ञ प्रारंभ होकर विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे, तत्पश्चात टोली की विदाई की जाएगी।

## जोहार आदिवासी कलामंच महोत्सव में लोक कला के रंग व चित्रकला ने मोहा मन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** जोहार आदिवासी कलामंच वार्षिक महोत्सव में रंगोली, मूर्तिकला और चित्रकला बना आकर्षण का केंद्र प्रदर्शनी प्रभारी भानुप्रताप कुंजाम (माइक्रोआर्टिस्ट एवं लेखक) नगरी के मार्गदर्शन में धमतरी जिला के महेन्द्र मरकाम ग्राम चारगांव, नगरी रेनुराज ध्रुव, भरदा, कुरुद, बस्तर टाइगर चेंदरू मंडावी ने रंगोली बनाया जो दर्शकों को खूब भाया। दोनों अभी इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। साथ ही खैरागढ़ विश्विद्यालय से आए चित्रकारों एवं मूर्तिकारों के मूर्तियों और चित्रों ने भी दर्शकों को अपनी ओर किया आकर्षित किया। इस अवसर पर शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी विद्वान और कलाकारों का सम्मान किया गया। जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ आदिवासी कलाकारों को अपनी कला को समाज के बीच लाने का एक अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करता है और कला के माध्यम से लोगों में



सामाजिक चेतना और हक अधिकारों के प्रति जागरुकता पैदा करता है। जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के संरक्षक ईश्वर मंडावी अध्यक्ष हैं। पूरणमल ध्रुव उपाध्यक्ष, अनिल सलाम महासचिव, तरकेश मरकाम सचिव, जीतेंद्र नेताम सहसचिव, शंकर छेदईहा मीडिया प्रभारी, लव मांझी कोषाध्यक्ष, कमलेश मांझी प्रवक्ता, जैनेन्द्र कुमार शांडिल्य कांकेर जिला अध्यक्ष, मनीष शोरी जिला सचिव, सुनील मंडल संगठन मंत्री, सुभाष शोरी महेंद्र शोरी, पाली उसेडी।